कार्यक्रम सहायक के लिए भर्ती हेतु सूचना

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र, नई दिल्ली इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

कार्यक्रम सहायक – कार्यक्रम प्रकोष्ठ – सामुदायिक स्वास्थ्य में प्रमाण पत्र कार्यक्रम, इग्नू–मुख्यालय, नई दिल्ली

भूमिकाएं और दायित्वः

- मध्यम–स्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को प्रशिक्षित करने और इग्नू द्वारा आयोजित किए जाने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य (सीपीसीएच) में प्रमाण पत्र कार्यक्रम के संदर्भ में निर्णयकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण इनपुट के रूप में आवश्यक सभी सुसंगत सूचनाओं का सुव्यवस्थित संग्रह, दस्तावेजीकरण और प्रस्तुतिकरण।
- सीपीसीएच के लिए निर्दिष्ट मानदंडों के अनुसार राज्यों के विभिन्न केंद्रों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव की जांच करके कार्यक्रम अध्ययन केंद्रों की अधिसूचना की प्रक्रिया में इग्नू–नई दिल्ली में कार्यक्रम समन्वयक–सीपीसीएच का सहयोग करना।
- कार्यक्रम परामर्शदाताओं और कार्यक्रम प्रभारियों की मान्यता के लिए आवेदनों की जांच में इग्नू में सीपीसीएच कार्यक्रम समन्वयकों का सहयोग करना।
- क्षेत्रीय केंद्रों/ कार्यक्रम अध्ययन केंद्रों में प्रवेश के अनुसार अभ्यर्थियों के नामांकन डेटा को समेकित करना।
- नामांकन आईडी जारी करने, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया संपन्न करने के संदर्भ में समय पर अद्यतन सूचना एकत्र करना और आवश्यक कार्रवाई हेतु कार्यक्रम समन्वयक, सीपीसीएच–इग्नू को इसकी जानकारी प्रदान करना।
- इग्नू के मानदंडों के अनुसार अभ्यर्थियों के लिए पाठ्यक्रम सामग्री के अनुमान, मुद्रण और प्रेषण की प्रक्रिया का समन्वय करना।
- इग्नू वेबसाइट पर अभ्यर्थियों के लिए समय पर असाइनमेंट अपलोड करने में कार्यक्रम समन्वयकों का सहयोग करना।
- क्षेत्रीय निदेशकों के साथ समन्वय करना और निर्दिष्ट मानदंडों के अनुसार सीपीसीएच के लिए कार्यरत मान्यता प्राप्त कार्यक्रम अध्ययन केंद्रों में परामर्शदाताओं, कार्यक्रम स्टाफ और परीक्षकों को मानदेय एवं भुगतान जारी करने संबंधी अद्यतन जानकारी रखना।
- इग्नू की समय सारणी के अनुसार सत्रांत परीक्षा आयोजित करने में कार्यक्रम समन्वयकों का सहयोग करना।
- मान्यता प्राप्त कार्यक्रम अध्ययन केंद्रों पर इग्नू द्वारा आयोजित सीपीसीएच की सत्रांत परीक्षा का समय पर मूल्यांकन, परिणामों की घोषणा और योग्यता सूची तैयार करना सुनिश्चित करने में कार्यक्रम समन्वयकों की सहायता करना और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार को यह सूची भिजवाना।
- कार्यक्रम समन्वयक–सीपीसीएच, इग्नू नई दिल्ली द्वारा सौंपे गए कोई अन्य कार्य करना।

योग्यता एवं अनुभवः

- जन स्वास्थ्य/स्वास्थ्य प्रशासन में स्नातकोत्तर उपाधि सहित बीएससी–नर्सिंग/बीडीएस/बीएएमएस/बीएचएमएस या कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातकोत्तर (एमसीए) सहित कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (बीसीए) उपाधि।
- अधिमानतः मुक्त दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों के साथ स्वास्थ्य कार्यक्रमों में कार्य करने का 2–3 वर्ष का अनुभव।
- केंद्रीय और राज्य स्तर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए काम करने में अनुभव वांछनीय है।
- उत्कृष्ट विश्लेषणात्मक (गुणात्मक और मात्रात्मक) कौशल और संप्रेषण (लिखित और मौखिक और प्रस्तुति) कौशल।
- पूर्व में सरकारी कार्य अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।
- इग्नू में सरकारी अधिकारियों, केंद्रीय/राज्य स्तर के स्वास्थ्य अधिकारियों, कार्यक्रम प्रबंधकों, कार्यक्रम अध्ययन केंद्रों के कर्मचारियों आदि सहित विभिन्न हितधारकों के साथ बातचीत करने की योग्यता।
- एमएस–ऑफिस–माइक्रोसॉफ्ट वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट प्रस्तुति, वेब साइट और डेटा बेस प्रबंध में उत्कृष्ट प्रवीणता।

रिपोर्टिंगः कार्यक्रम समन्वयक– सामुदायिक स्वास्थ्य में प्रमाण पत्र कार्यक्रम, इग्नू नई दिल्ली

आयु सीमाः 30 वर्ष और उससे कम। (आवेदन की अंतिम तिथि को)

कार्य स्थलः इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, 93, मैदान गढ़ी रोड, प्रजापति मोहल्ला, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली, दिल्ली 110068

पारिश्रमिकः प्रतिमाह 35,000/– रु. से 45,000/– रु. के बीच

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 09 जनवरी, 2019 तक nhsrc.recruitments@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।